2021

HINDI — HONOURS

Paper : CC-14
(Prayojan Mulak Hindi)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) मानक हिंदी की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ख) हिंदी की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से मानी जाती है? हिंदी भाषा का प्रारंभ मोटे तौर पर कब से माना जाता है?

(ग) भाषा-प्रयुक्ति की कोई एक विशेषता बताइये और प्रयुक्ति शब्द का अंग्रेजी पर्याय लिखिए।

(घ) ज्ञापन की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए।

(ङ) साहित्यिक हिंदी की किन्ही दो प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(च) संविधान सभा ने हिंदी को राज-भाषा बनाने का प्रस्ताव कब पास किया? संविघान की किस धारा के अंतर्गत हिंदी को राज-भाषा घोषित किया गया है?

(छ) सरकारी पत्र के लिए आवश्यक किन्हीं दो अंगों के नाम लिखिए।

(ज) वैज्ञानिक हिंदी के कोई दो लक्षण लिखिए।

(झ) पारिभाषिक शब्दावली के लिए अपेक्षित किन्हीं दो गुणों के नाम लिखिए।

(ञ) टिप्पण के किन्हीं दो प्रकारों के नाम लिखिए।

2. किन्ही ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10×3

(क) हिंदी भाषा की वर्तनी के मानकीकरण के नियमों की संक्षेप में चर्चा कीजिए।

(ख) हिंदी की विभिन्न शैलियों, हिंदी, उर्दू और हिन्दुस्तानी के स्वरूप की चर्चा कीजिए।

(ग) व्यावसायिक हिंदी के स्वरूप एवं लक्षणों पर एक निबंध लिखिए।

(घ) सरकारी एवं व्यावसायिक पत्र-लेखन के पार्थक्य को उदाहरण देकर समझाइये।

3. किन्हीं ***तीन*** विषयों पर टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) वैज्ञानिक हिंदी और उसके प्रमुख लक्षणों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(ख) हिंदी की प्रयोजनमूलक शैलियों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(ग) दूरदर्शन के अंतर्गत 'समाचार की भाषा' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(घ) मसौदा लेखन

(ङ) अनुस्मारक